किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप, ट्रेड डील के खिलाफ किसान कांग्रेस सड़क पर

भारत-अमेरिका ट्रेड डील में कृषि संबंधी प्रावधानों को लेकर किसान कांग्रेस ने छोटे व सीमांत किसानों की आजीविका पर असर की आशंका जताई, और एसडीएम सेंधवा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जनआंदोलन की चेतावनी दी।

जनोदय पंच. सेंधवा

सेंधवा में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसान कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि कृषि प्रावधान छोटे किसानों की आजीविका पर असर डाल सकते हैं। विदेशी उत्पादों को रियायत मिलने से उपज के दाम और एमएसपी व्यवस्था पर दबाव बनने की आशंका है। सेंधवा, जिला बड़वानी में भारत-अमेरिका के मध्य हाल ही में संपन्न हुए ट्रेड डील में भारतीय किसानों के हितों की अनदेखी के विरोध में सिलदार सोलंकी, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी जिला बड़वानी के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सेंधवा को ज्ञापन सौंपा गया।

छोटे किसानों पर असर की आशंका जताई

सिलदार सोलंकी, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी जिला बड़वानी ने कहा कि ट्रेड डील के कृषि संबंधी प्रावधान देश के छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। किसान कांग्रेस ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि विदेशी कृषि उत्पाद कम आयात शुल्क या विशेष रियायतों के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करते हैं, तो स्थानीय किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में कठिनाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष दबाव बनने की संभावना है, जिससे किसानों की आय अस्थिर हो सकती है।

जनआंदोलन की चेतावनी, समझौता नहीं होगा

सिलदार सोलंकी ने आगे कहा कि देश का अन्नदाता पहले से ही बढ़ती उत्पादन लागत, प्राकृतिक आपदाओं और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में यदि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों के माध्यम से विदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाता है और भारतीय किसानों को असमान प्रतिस्पर्धा के वातावरण में खड़ा किया जाता है, तो यह किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।



कांग्रेस पदाधिकारी और किसान रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र गाड़वे, अभिषेक ठक्कर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सीताराम बर्डे, अधिवक्ता चेनु सिंह अछालिया, गजानंद सोलंकी, प्रशांत सेन, रमेश डुडवे, गौतम मोरे, शोभाराम पटेल, श्रीराम आर्य सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं किसानों ने एकजुट होकर किसानों के अधिकारों, सम्मान एवं आर्थिक सुरक्षा की रक्षा हेतु लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

सेंधवा: शासकीय पीजी कॉलेज में खेल गतिविधियों का आगाज, खो-खो और बैडमिंटन हुए आयोजित



जनोदय पंच. सेंधवा। वीर बलिदानी खाज्या नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेंधवा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत खेल गतिविधियों का आगाज शुक्रवार से हुआ। चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में शुक्रवार को खो-खो और बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्रा) में भूमिका स्वामी प्रथम, रोशनी आर्य द्वितीय एवं सिद्धि गुप्ता तृतीय रहीं। जबकि बैडमिंटन (छात्र) में प्रथम कासिफ अली, द्वितीय इरफान मंसूरी एवं तृतीय दीपेश लोहारे रहे। खो-खो (छात्रा) में फाइनल मुकाबला विज्ञान एवं कला संकाय के बीच हुआ, जिसमें कला संकाय की टीम विजेता रही।

शिक्षकों ने प्रतियोगिताएं संपन्न कराईं

विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रो मीतु मोतियानी, प्रो अरुण सेनानी, प्रो शुभम वर्मा, प्रो शैलेंद्र दुबे, डॉ विष्णु निकुम, प्रो इरशाद मंसूरी, डॉ अखलाक खान, प्रो रानु पाटिदार ने संपन्न करवाईं। यह जानकारी खेल संयोजक डॉ विक्रम जाधव एवं क्रीड़ाधिकारी डॉ अविनाश वर्मा ने दी।

श्री नारायणदास अस्पताल में भक्तिमय फाग उत्सव, संतों के भजनों पर जमकर खेली होली





रमन बोरखड़े. सेंधवा

त्रिवेणी धाम राजस्थान से आए संतों के सानिध्य में सेंधवा के श्री नारायणदास अस्पताल में फाग उत्सव हुआ। सुबह दर्शन-नाम दीक्षा, फिर फाग भजनों पर फूल-गुलाल की होरी और महाआरती के बाद महाप्रसादी आयोजित की गई।

सेंधवा के श्री नारायणदास अस्पताल में त्रिवेणी धाम से आए संतों के सानिध्य में फाग उत्सव आयोजित हुआ। फाग भजनों पर श्रद्धालु झूमे और फूल-गुलाल की होरी खेली गई। एकादशी पर दर्शन, नाम दीक्षा, महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ।

सेंधवा में त्रिवेणी धाम से आए संतों के सानिध्य में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री नारायणदास अस्पताल परिसर में हुआ, जहां संतों द्वारा 'रंग मत डारे रे सांवरिया म्हारी सास लड़ेगी रे', 'नजर न लग जाये हो हो', 'आज श्याम सपने में आयो' जैसे फाग भजन गाए गए। भजनों के दौरान श्रद्धालु भक्तिमय होकर थिरकते रहे और उत्साह के साथ फूलों व गुलाल की होरी खेली गई।

परंपरा के अनुसार हर वर्ष होता है आयोजन

फाल्गुन महीने में परंपरा अनुसार त्रिवेणी धाम के संतों के सानिध्य में फाग उत्सव का आयोजन होता आया है। यह परंपरा रामानंदाचार्य सम्प्रदाय के विश्व प्रसिद्ध जगदगुरु पद्म श्री विभूषित साकेत वासी त्रिवेणी धाम राजस्थान के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री नारायण दास जी महाराज जी एवं उनके सेंधवा के शिष्यों द्वारा शुरू की गई थी, जो निरंतर चली आ रही है।

एकादशी पर दर्शन, नाम दीक्षा और भजन संध्या

वर्तमान त्रिवेणी धाम पीठाधीश्वर खोजी जी द्वाराचार्य श्री श्री 1008 श्री राम रिछपाल दास जी महाराज व उनके साथ आए संतों द्वारा इस वर्ष भी 13 फरवरी, शुक्रवार एकादशी पर फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक महाराज ने भक्तों को दर्शन व नाम दीक्षा दी। इसके बाद सुबह 11 बजे फाग उत्सव शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने फाग भजनों पर झूमते हुए जमकर होरी खेली। फाग उत्सव के बाद महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें एकादशी फलाहार रखा गया। आयोजन में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। महाराज ने अपने आशीर्वचन में मौजूद भक्तों से कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं जो भगवान के इस उत्सव में सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि आप सभी सकुशल आनंद मंगल में रहें।

देर शाम भक्तों के घर हुई पदरावनी

देर शाम महाराज व संत मंडली ने भक्तों के घर पदरावनी की। इस दौरान भी बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने महाराज के दर्शन किए और स्वागत-सत्कार किया।